# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांक एफ–1 डीटीए/आईटी(18)/2013 जयपुर, दिनांक 20.09.2013

## सीमित बोली के लिए अनुरोध

निदेशालय कोष एवं लेखा द्वारा निदेशाालय, वित्त विभाग व एन.आई.सी द्वारा उपयोग में लिये जा रहे कम्प्यूटर हार्डवयर यथा कम्प्यूटर डेस्कटोप, लेपटाप, प्रिन्टर एवं सर्वर आदि के दिनांक 01.10.2013 से 31.03.2014 तक के लिए वार्षिक रख– रखाव/अनुबन्ध (ए.एम.सी.) कराने हेतु निर्माताओं/अधिकृत सर्विस प्रोवाईडर्स से दिनांक 27.09.2013 के अपरान्ह 3.00 बजे तक दरें आमंत्रित की जाती हैं। ए.एम. सी. कराये जाने वाले उपकरणों की सूची व शर्तें प्रारूप संलग्न है। इच्छुक बोली दाताओं द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आईटम वार दरें पूर्ण अवधि हेतु सभी कर आदि सम्मिलित करते हुए प्रस्तुत की जावें। बोली दाता द्वारा उक्त कार्य करने हेतु अधिकृत होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

संलग्न :–उपरोक्तानुसार

(जसवन्त सिंह)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

क्रमांक एफ–1 डीटीए/आईटी(18)/2013 जयपुर, दिनांक 20.09.2013

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है :–

1. निजी सहायक, निदेशक कोष एवं लेखा जयपुर।
2. एम इन्टग्राफ सिस्टम प्राईवेट लि0, डी–19/1 दूसरी मंजिल ओखला इन्डस्ट्रीज ऐरिया–1,नई दिल्ली–110020
3. इटीएससी कम्प्यूटर्स प्राईवेट लि0, 417, तीसरी मंजील शालीमार कॉप्लेक्स चर्च रोड, एम.आई रोड, जयपुर।
4. आर.एम.वाई.एस एन्टरप्राईजेज, 20–ए सुदर्शनपुरा 22 गोदाम, जयपुर।
5. आलोक कम्प्यूटर्स, एस–33, अलंकार प्लाजा सेन्ट्रल स्पाईन विद्याधर नगर जयपुर।
6. एस.पी.पी.पी. पोर्टल एवं विभागीय बेबसाईड पर अपलोड करने हेतु।
7. प्रभारी स्टोर शाखा कार्यालय हाजा को भेजकर निवेदन है कि भरी हुई निविदा पत्र को जमा कराने की व्यवस्था करावें।
8. रक्षित पत्रावली।

20/9/2013

(प्रदीप कुमार वार्ष्णेय)
ए.सी.पी. (उपनिदेशक)

# निदेशालय कोष एवं लेखा

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, तृतीय तल, ज्योति नगर,जयपुर

<u>शर्तें</u>

## कम्प्यूटर, प्रिन्टर्स एवं यू.पी.एस. के वार्षिक रखरखाव (Repair & Maintenence) हेतु निविदा प्रपत्र एवं शर्तें

1. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/व्यक्ति का नाम तथा डाक का पूर्ण पता :–

A. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/व्यक्ति का नाम तथा कार्यालय का पूर्ण पता

M/s. ..............................................................................................................................................
..............................................................................................................................................
..................................................
फोन नं.....................................................फैक्स नं.......................................................
ई–मेल.........................................................................................................................

B. कार्य स्थल का पता ..............................................................................................
..............................................................................................................................
.......................................फोन नं..................................फैक्स नं...........................
PAN No...................................................(प्रति संलग्न करें) TIN No.............................. (प्रति संलग्न करें)
Service Tax No. ........................................................................................................ (प्रति संलग्न करें)

2. निविदा दो भागों तकनीकी बिड (लिफाफा–अ) तथा वित्तीय बिड (लिफाफा–ब) में भरी जाएगी। निविदा के साथ संलग्न तकनीकी बिड को निविदा के अनुसार समस्त प्रपत्रों के साथ एक अलग लिफाफे में सील बन्द करें। उक्त लिफाफे पर 'कम्प्यूटरों, प्रिंटर तथा यू.पी.एस.' के वार्षिक अनुबन्ध हेतु तकनीकी बिड (लिफाफा–अ)' आवश्यक रूप से लिखें।

3. वित्तीय बिड (लिफाफा–ब) जिसमें दरें अंकित की जाएगी उसे एक दूसरे लिफाफे जिस पर 'कम्प्यूटरों, प्रिंटर तथा यू.पी.एस. के वार्षिक अनुबन्ध हेतु वित्तीय बिड (लिफाफा–ब)' आवश्यक रूप से लिखा हो में सील बन्द करें।

4. उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रख कर सील बन्द करें तथा उस पर कम्प्यूटरों, प्रिंटर तथा यू.पी.एस., स्कैनर, एम.एफ.पी. इत्यादि (संलग्न सूची अनुसार) के वार्षिक अनुबन्ध 2013–14 हेतु निविदा' अंकित करें।

5. निविदा, निदेशक, निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर के पते पर प्रेषित की जानी है।

6. यह सीमित निविदा पत्र निःशुल्क है।

7. सफल निविदादाता द्वारा कार्य संपादन प्रतिभूति राशि कार्य आदेश का पांच प्रतिशत अनुबन्ध के रूप में जमा करवानी है जो कि बिना ब्याज के अनुबन्ध समाप्ति पर लौटायी जावेगी।

8. निविदा, जो निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर के द्वारा जारी की गई है, में वर्णित समस्त शर्तों का पालन करने के लिये हम सहमति प्रदान करते हैं तथा उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्तें जो संलग्न प्रपत्र में दी गई हैं (जिसके समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीकस्वरूप, हमने समस्त पृष्ठों पर हस्ताक्षर कर दिये हैं।) का भी पालन करने के लिये हम सहमति प्रदान करते हैं।

9. विभाग द्वारा स्वीकृत दरें वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए वैध रहेंगी। इसके आगे की अवधि पारस्परिक सहमति से अधिकतम एक वर्ष बढ़ाई जा सकती है।

10. बिक्रीकर/वाणिज्यकर अधिकारी से बिक्रीकर रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र संख्या की छाया प्रति संलग्न करें।

11. बन्द निविदायें, निदेशक, निदेशालय कोष एवं लेखा राज. जयपुर के पते पर पहुंचायी जानी है। निविदायें दिनांक 27.09.2013 को 3.00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी। उक्त समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा।

12. निविदा में प्राप्त तकनीकी बिड (लिफाफा–अ) दिनांक 27.09.2013 को 4.00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

13. तकनीकी बिडो के निविदा की शर्तो के अनुसार evaluation के पश्चात सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड (लिफाफा–ब) खोला जायेगा। जिसकी सूचना सम्बन्धित निविदादाताओं को अलग से सूचित की जाएगी।

14. तकनीकी बिड में असफल निविदादाताओं का वित्तीय निविदा प्रक्रिया के लिए कोई विचार नहीं किया जायेगा।

15. निविदा की समस्त मदों की कुल न्यूनतम राशि के आधार पर न्यूनतम निविदादाता का निर्धारण किया जावेगा।

16. निविदाकार द्वारा कम से कम दो सरकारी विभागों अथवा सरकारी ईकाइयों/निगम/संस्था में कम्प्यूटर तथा सम्बन्धित उपकरणों के वार्षिक रखरखाव (AMC) का कार्य जिसमें प्रत्येक कार्यादेश की न्यूनतम राशि रू. 50 हजार वर्तमान में किया जा रहा हो, आवश्यक है। प्रमाण पत्र के रूप में कार्यादेश बिड (लिफाफा–अ) के साथ संलग्न किये जावें।

17. उक्त बिन्दु संख्या 16 के क्रम में सम्बन्धित कार्यालय से संतोषजनक कार्य सम्पादन के प्रमाणपत्र की फोटो प्रतियॉ निविदा के साथ आवश्यक रूप से तकनीकी बिड (लिफाफा–अ) के साथ संलग्न की जायें।

18. निविदादाता के पास वर्तमान में कम से कम 4 वर्ष कार्य का अनुभव होना चाहिये जिसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत होना चाहिये।

19. क्रम संख्या 8,10,16,17 एवं 18 से सम्बन्धित सभी प्रपत्र संलग्न किये जाने चाहिए। किसी एक के ना होने पर फर्म की वित्तीय बिड नही खोली जाऐंगी।

20. राजस्थान जी.एफ. एण्ड ए.आर. एवं राज. लोक उपापन के पारदर्शिता नियम 2013 के नियम लागू होंगें।

21. ए.एम.सी., *कम्प्यूटरों, प्रिन्टरों* व यू.पी.एस., स्कैनर्स, एम.एफ.पी. इत्यादि (संलग्न सूची अनुसार) में प्रयुक्त इलैक्ट्रोनिक्स व इलैक्ट्रिकल स्पेयर पार्टस सहित होगी। Consumables Items जैसे रिबन, रिबन कार्टरिज, टोनर, कागज, यू.पी.एस. लेपटाप की बैटरी एवं डोट मैट्रिक्स प्रिंटर का हैड ए.एम.सी. में सम्मिलित नही होगें।

22. यदि किसी उपकरण में कोई स्पेयर पार्ट को बदलने की आवश्यकता होती है तो Genuine स्पेयर पार्ट ही लगाने होगें।

23. कम्प्यूटर/प्रिन्टर/यू.पी.एस., स्कैनर, एम.एफ.पी. इत्यादि (संलग्नः– सूची अनुसार) खराब होने की रिपोर्ट कराने से आगामी चार कार्य घंटो में सम्बन्धित उपकरण सही कर दिया जाना चाहिये। यदि अधिक समय लगने की संभावना हो तो समकक्ष या उच्च स्तर का स्टैण्ड बाई उपकरण लगाना होगा जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा एवं अधिकतम सात दिवस में मूल उपकरण ठीक कर आवश्यक रूप से पुनः इन्स्टॉल करना होगा। यदि सेवा प्रदाता द्वारा 7 दिवस पश्चात कार्य किया जाता है तो 7 दिवस पश्चात के दिनों की संख्या को 100/– रूपये प्रतिदिन के अनुसार दण्ड स्वरूप लगाया जावेगा।

24. सेवा प्रदाता द्वारा समय पर संतोषजनक सेवा प्रदान नही करने पर उक्त कार्य बाजार से कराया जा सकता है एवं उक्त राशि की वसूली तथा उसका 50 प्रतिशत दण्डस्वरूप सेवा प्रदाता से की जावेगी।

25. ए.एम.सी. के अन्तर्गत समस्त उपकरणों की प्रति माह पर प्रिवेंटिव मेंटिनेंस की जाएगी।

26. कॉल बुकिंग तथा प्रिवेंटिव मेंटिनेन्स हेतु निदेशालय कार्यालय तथा सेवा प्रदाता कार्यालय में अलग–अलग रजिस्टर संधारित किये जाऐंगे।

27. सफल निविदादाता ए.एम.सी. कार्य को अथवा उसके किसी हिस्से को किसी अन्य फर्म को Sublet नही करेगा।

28. ए.एम.सी. के अन्तर्गत भुगतान त्रैमासिक रूप से किया जावेगा। प्रति तिमाही अन्त में ए.सी.पी. (उप निदेशक आई.टी.) निदेशालय कोष एवं लेखा, द्वारा संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र जारी होने के उपरान्त भुगतान किया जायेगा।

29. सेवा प्रदाता यदि सर्विस टैक्स चार्ज कर रहा है तो सम्बन्धित विभाग में रजिस्ट्रेशन पत्र की प्रति संलग्न की जानी है।

30. सफल सेवा प्रदाता को नियमानुसार राशि रुपये 500/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध सम्पादित करना होगा। इस निविदा में वर्णित समस्त शर्ते अनुबन्ध का हिस्सा होगी।

31. कार्य संतोषजनक नही होने पर 15 दिवस के नोटिस पर अनुबन्ध निरस्त कर दिया जावेगा एवं धरोहर राशिएवं अन्य दावे की राशि जब्त कर ली जावेगी।

32. नियमानुसार भुगतान की जाने वाली राशि में से की जाने वाली कटौतियां तथा टी.डी.एस. इत्यादि काटकर ही भुगतान किया जावेगा। कटौतिया /सेवा कर की जाने का प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात निदेशालय द्वारा जारी किया जायेगा।

33. निविदा में अंकित दरें समस्त प्रकार के प्रचलित करों सहित होनी चाहियें।

34. कम्प्यूटर में सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सम्बन्धी समस्त परेशानियों का भी निराकरण सेवाप्रदाता द्वारा करना होगा।

35. निविदादाता द्वारा उक्त कार्य करने हेतु अधिकृत होने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

36. किसी भी वाद–विवाद प्रकरण में न्यायिक क्षेत्र जयपुर शहर होगा।

38. कम्पयूटर उपकरणों की संख्या अनुमानित है जो कि संशोधित की जा सकती है। कुछ उपकरणों की वारण्टी वित्तीय वर्ष 2013–14 के मध्य समाप्त हो रही है। अतः उनकी ए.एम.सी. उसकी वारण्टी समाप्त होने के उपरान्त ही शुरू होंगी तथा उसी समयावधि के अनुपात में भुगतान होगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर मय रबर सील

निदेशालय कोष एवं लेखा
वित्त भवन, ए–ब्लॉक, तृतीय तल,ज्योति नगर,जयपुर

तकनीकी बिड़ (लिफाफा–अ)

मै0..................................................................................................................

(अ) कार्यानुभव

विवरण जहां ए.एम.सी. सम्बन्धित कार्य किया गया या किया जा रहा है :–

| S. No. | Name of the Department / Office | Duration of AMC | Cost of the Work Order | No. of Devices under AMC Work Order | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | PCs | Laptop | Laser Printer | UPS | Scanner | Any |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

फर्म में कार्यरत तकनीकि स्टाफ का विवरण

| S. No. | Name of Service Engineer | Technical Qualification | Years of Experience | Field of Expertise |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

निविदाकार के हस्ताक्षर मय रबर सील

निदेशालय कोष एवं लेखा
वित्त भवन,ए—ब्लॉक, तृतीय तल, ज्योति नगर, जयपुर

## वित्तीय बिड (लिफाफा—ब)

1. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम तथा कार्यालय का पूर्ण पता

M/s..............................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

कम्प्यूटर, प्रिन्टर्स एवं यू.पी.एस. इत्यादि के वार्षिक रखरखाव हेतु दरे समस्त करों एवं स्पेयर पार्ट सहित निम्न प्रकार है:—

| S. No. | Items to be given under AMC | Qty. अनुमानित | अनुमानित अवधि (महीनों में) | Rate / Year | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (In Figures) | In Words |
| 1 | **Computers (Desktop)**<br>HP core2 DUO PIV, 300 or HIGHER Processor (Intel core2duo(3.00 Ghz) E4300 or Higher Processor with 17" TFT Monitor, Keyboard, mouse (dta 12 + nic1= 12) | 12 | 6 | | |
| 2. | HCL, Intel core 2 quad, 2.83 GHZ, 133 -mhz, 4 GB RAM, 250 GB HDD, DVD Writer, Window-7, 19" TFT monitor (40+21=61) | 61 | 21(for 6)<br>40(for 1) | | |
| 3. | **Padestrial Server-3**<br>Quad Core e5410, 8GB DDR2 ram, 533 FBDIMM or ECC Higher memory, SAS raid 0,1 and 5 dual giga byte server ethernet controller with battery backup, 17"TFT color monitor/ 5*146 GB SAS HDD, DVd ROM Drive, OEM optical mouse with (N + 1 hotswap redundant hotswa | 2 | 6 | | |
| 4. | **Laptop**<br>Sony, Intel I 7 series (2.6 Ghz) 4MB cache memory, 4GB DDR3, 800MHz Higher processor, DVD writer (nic 6+ dta 6 =12) | 12 | 6 | | |
| 5. | Dell, Intel core2duo, Higher processor, RAM 2GB DDR2, dual layer DVD writer | 5 | 6 | | |
| 6. | **A3 Laser Printer**<br>HP Printer, 9040/9050 DN, A-3, 40 PPM, Duplex Network card | 2 | 1(for 4)<br>1(for 6) | | |
| 7. | **A4 Laser Printers**<br>HP Printer, 3015 A-4, 40 ppm | 9 | 4(for 6)<br>5(for 4) | | |
| 8. | **A4 Laser color Printers**<br>Colour Laserjet CP 3525-DN | 1 | 6 | | |
| 9. | **MFP** | 6 | 3(for 6) | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | HP LaserJet P1522/3027, printer/ copier/scan/fax/ A-4 mono, 23 PPM | | 3(for 4) | | |
| 10. | **Projector**<br>Hitachi CP-X3 Multi-media Projector Resolution: 1024 x 768 x GA,ANSI Lumen:3500 | 1 | 5 | | |
| 11. | **Scanjet**<br>HP Scan jet 8460, 35 PPM, USB 2.0 | 4 | 6 | | |
| 12. | UPS<br>UPS 10 KVA, 60 Minute battery backup full load (0.8 PF) | 2 | 6 | | |
| | Total Items | **117** | | | |

नोटः— उपरोक्त क्रमांक 1 से 12 की वार्षिक रख—रखाव की दर राशि रू......................(अंको में) / रूपये...........................................(शब्दों में) समस्त करों एवं दरों सहित होगी।

दिनांक :—

निविदाकार के हस्ताक्षर मय रबर सील

## घोषणा

उपरोक्त समस्त जानकारी / शर्तों का मैंने / हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे / हमें यह भी स्वीकार है कि निदेशक, निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर का निर्णय हमारे लिए सर्वोपरी होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी / हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित मशीन/ उपकरण/तकनीकी अनुभव व तकनीकी कर्मचारी आदि उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/ स्वायतशासी संस्थान/निगम/बैंक आदि के द्वारा मेरी / हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है। प्रतिकस्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर (मय सील) कर दिये है। उपरोक्त वर्णित दरें निगम मुख्यालय, जयपुर की है।

दिनांक :–

निविदाकार के हस्ताक्षर मय रबर सील